प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में नारी भाक्ति वंदन सम्मेलन को किया संबोधित, कहा– महिलाओं के भविश्य के संकल्पों को पूरा करेगा यह अधिनियम।**
2. **सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के गोलमुरी में लगभग 49 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास।**
3. **राष्ट्र आज जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, राश्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल समेत कई मंत्रियों ने किया नमन।**
4. **प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोंसले का राजकीय सम्मान के साथ आज शाम चार बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा अंतिम संस्कार ।**
5. **15वीं नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर–15 टीम ने जीता ओवरऑल चैंपियन का खिताब, सात स्वर्ण सहित कुल 30 पदक जीते।**

और अब समाचार विस्तार से

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने अपार योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है वह है नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो महिलाओं के भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

****

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 'नीति की लाभार्थी' से 'नीति निर्माता' बनाने की दिशा में यह कदम कारगर साबित होगा।

राज्य की आईआरएस अधिकारी निशा उरांव ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को देश के निर्माण में बराबरी का अधिकार मिला है। वहीं छात्राओं में भी इसे लेकर उत्साह है।

****

सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के गोलमुरी में लगभग 49 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं के तहत पुस्तकालय निर्माण, बोरिंग, हाई मास्ट लाइट और सड़क निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है।

****

राष्ट्र आज अमृतसर के जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज जलियांवाला बाग के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनका बलिदान जनता के अदम्य साहस का सशक्त प्रमाण है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए दिए गए इन बलिदानों से देशवासियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिलती रहेगी।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी जलियांवाला बाग़ के अमर शहीदों का बलिदान सदैव स्वाभिमान व स्वतंत्रता की प्रेरणा देता रहेगा।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जलियांवाला बाग़ हत्याकांड को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सबसे काला और हृदय विदारक अध्याय बताते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

सुविख्यात पार्श्व गायिका आशा भोंसले का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। कल मुंबई के एक अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था। हमारी संवाददाता ने बताया है कि लोग आज उनके आवास लोअर परेल स्थित कासा ग्रांडे में आशाताई के अंतिम दर्शन कर सकेंगे। एक रिपोर्ट...

****

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार लगभग 1.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 986 अंक गिरकर 76 हजार 564 पर और निफ्टी 290 अंक गिरकर 23 हजार 761 पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 53 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

चतरा जिले में साइबर अपराधियों ने अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की है। ठग अरविंद कुमार डीवाई नाम से फेसबुक अकाउंट तैयार कर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहे हैं। अपर समाहर्ता ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि फर्जी फेसबुक अकाउंट का फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करें और किसी प्रकार की व्यक्तिगत या आर्थिक जानकारी साझा नहीं करें।

****

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित 15वीं नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर–15 टीम ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीत लिया है। झारखंड के तीरंदाजों ने 7 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। तमिलनाडु की टीम दूसरे और उत्तर प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही।

****

आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

****